मांग संख्या 10
मुख्य शीर्ष 2406

मद कमांक 1

राज्य में वन एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण में जनमानस की अभिरूचि एवं भागीदारी विकसित करने तथा राज्य के संरक्षित वन क्षेत्र में नैसर्गिक पर्यटन के विकास हेतु रूपये 100.00 लाख का व्यय संभावित है।

अत: इस प्रयोजन हेतु नवीन मद के रूप में राशि रूपये 1,00,00,000 का प्रावधान किया गया है ।

मांग संख्या 41

मुख्य शीर्ष 2406

मद कमांक 1

लघु वनोपजों को बेहतर गुणवत्ता के साथ व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के लिए लघु वनोपज प्रसंस्करण ईकाई की स्थापना पर रूपये 200.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु नवीन मद के रूप में राशि रूपये 2,00,00,000 का प्रावधान किया गया है ।

मद कमांक 2 से 10

राज्य के जशपुर, सरगुजा, कोरिया, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर एवं रायगढ़ जिलों के वन क्षेत्रों को हाथियों द्वारा अपना रहवास क्षेत्र बना लेने से वन क्षेत्रों से लगे ग्राम क्षेत्रों में फसल एवं जानमाल के नुकसान से बचाव हेतु हाथी रहवास वन क्षेत्रों के विकास का निर्णय लिया गया है । इस हेतु रूपये 200.00 लाख का व्यय होना संभावित है । यह व्यय का नवीन मद है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु नवीन मद के रूप में राशि रूपये 2,00,00,000 का प्रावधान किया गया है ।

मद कमांक 11 एवं 12

अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी को वन भूमि पट्टा वितरण कार्य के अंतर्गत सर्वेक्षण कार्य पर राशि रूपये 1000.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु नवीन मद के रूप में राशि रूपये 10,00,00,000 का प्रावधान किया गया है।